# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और दीर्घकालिक विकास यात्रा का रणनीतिक स्तंभ है। बजट वर्ष 2026–27 से किसानों को नए–नए अवसर मिलेंगे।
- पश्चिम एशिमा में जारी संघर्ष के बीच इंडिगो एयरलाइंस ने टिकट रद्द कराने पर पूर्ण छूट की समय–सीमा बढ़ाई।
- सब्जी उत्पादन बढ़ाने और पोषण सुरक्षा मजबूत करने के उद्देश्य से केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में किसानों को पौध तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया।
- कला और संस्कृति निदेशालय ने वर्ष 2025–26 के लिए स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों की गतिविधियों का मूल्याकंन कर अनुदान देने की शिफारिश कर है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से कई कदम उठाएं हैं। कृषि विश्वकर्मा ये सब हमारी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का रणनीतिक स्तंभ भी है और इसी सोच के साथ हमारी सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार मजबूत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रसायन मुक्त खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026–27 में उच्च मूल्य कृषि उत्पाद पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। एम एस पी में हुए सुधार से अब किसानों को डेढ़ गुना तक रिटर्न मिल रहा है। पीएम फसल बीमा योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपए के दावों का निपटारा किया गया। ऐसे अनेक प्रयासों से किसानों का जोखिम बहुत कम हुआ है। लखपति दीदी अभियान की सफलता को भी हमें नई ऊंचाई देनी है। अभी तक गांव की तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में हम सफल हो चुके हैं। अब 2029 तक 3 करोड़ में और 3 करोड़ जोड़ना है। ये लक्ष्य और तेजी से कैसे प्राप्त किया जाए, इसे लेकर भी आपके सुझाव महत्वपूर्ण होंगे।

<><><><><><>

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर, इंडिगो एयरलाइन ने पश्चिम एशिया और इस्तांबुल से आने–जाने वाली उड़ानों की टिकट रद्द कराने पर मिलने वाली पूरी छूट 31 मार्च तक बढ़ाने की घोषणा की है। इंडिगो ने बताया कि एयरलाइन ने यात्रियों को सलाह दी है कि यदि उनकी यात्रा निर्धारित है तो वे उड़ान की स्थिति के बारे में अपडेट रहें। इसके साथ ही, अतिरिक्त सहायता या स्पष्टीकरण के लिए यात्री ग्राहक संपर्क केंद्र के नम्बर 91–124–617–3838 पर कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना–नगरीय 2.0 के पात्रों के अब तक कुल 214 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से एक सौ नवासी आवेदनों का सत्यापन भी किया जा चुका है। प्रशासन ने बताया है कि अधिकतम लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना– नगरीय 2.0 को विभिन्न माध्यम से लागू किया जा रहा है, ताकि पात्र शहरी परिवारों को सुरक्षित और किफायती आवास उपलब्ध कराया जा सके।

<><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम स्थित केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के गराचारमा परिसर में पिछले दिनों सब्जी की फसलों के लिए गुणवत्तापूर्ण पौध तैयार करने की नर्सरी तकनीकों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय किसानों, महिला कृषकों और ग्रामीण युवाओं को वैज्ञानिक नर्सरी प्रबंधन की जानकारी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। इसमें कार निकोबार के 23 किसानों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने अपने संबोधन में कहा कि द्वीपों में सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देकर जनजातीय समुदाय की पोषण सुरक्षा और आजीविका में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को अपने दैनिक आहार में सब्जियों को शामिल करने तथा प्रशिक्षण में प्रदर्शित वैज्ञानिक नर्सरी तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समन्वयक एवं बागवानी तथा फसल सुधार प्रभाग के प्रमुख डॉ. राज नारायण ने कहा कि बेहतर फसल और अधिक उत्पादन के लिए गुणवत्तापूर्ण पौध तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने नर्सरी बेड की तैयारी, बीज उपचार, बुवाई की विधि, पौध प्रबंधन तथा पौध संरक्षण के उपायों की विस्तृत जानकारी दी और व्यावहारिक प्रदर्शन भी

कराया। कार्यक्रम के अंत में किसानों को सब्जी बीज किट, बैटरी चालित स्प्रेयर तथा ग्रो बैग वितरित किए गए, ताकि वैज्ञानिक सब्जी खेती को बढ़ावा मिल सके।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ने वर्ष 2025–26 के लिए स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों को अनुदान सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया के तहत दावे, आपत्तियाँ और सुझाव आमंत्रित किए हैं। विभाग द्वारा कला एवं संस्कृति गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द्वीपों के स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसके जवाब में 20 संगठनों ने आवश्यक विवरण और दस्तावेजों के साथ अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों की जाँच "अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों को अनुदान सहायता प्रदान करने के नियमों" के अनुसार गठित जाँच समिति द्वारा की गई है। समिति ने संगठनों की गतिविधियों का मूल्यांकन करने के बाद वर्ष 2025–26 के लिए 18 सांस्कृतिक संगठनों को 25–25 हजार रुपये की अनुदान सहायता देने की अनुशंसा की है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में नौवां डॉ. टी.सी. खत्री स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया। इस वर्ष का मुख्य व्याख्यान भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण के मानवविज्ञानी डॉ. निंगोम्बम सोमोरजीत सिंह, द्वारा "अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह की उत्पत्ति और वितरण" विषय पर दिया गया। जे एन आर एम प्राचार्य डॉ. पर्ल देवदास ने अपने संदेश में कहा कि यह स्मृति व्याख्यान श्रृंखला जिज्ञासा को बढ़ावा देने, आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने और युवा पीढ़ी को समाज में सार्थक योगदान के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 (संशोधित) के तहत आईटीआई प्रशिक्षण के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। परिषद वर्ष 2025–2026 के लिए विभिन्न कार्य क्षेत्रों के लिए आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को एक वर्ष का प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इसके तहत चयनित अभ्यर्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें कार्य अनुभव प्राप्त हो सके और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो।

<><><><><><><>

तेलुगु नववर्ष के अवसर पर उगादी ओपन शतरंज टूर्नामेंट 2026 का आयोजन 15 मार्च को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन बोड्डापाडु श्री जगदेश्वर संगम, हैडो के युवाओं द्वारा अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। टूर्नामेंट का आयोजन वार्ड नंबर–1, श्री विजयापुरम में होगा। शतरंज प्रेमी और खिलाड़ी अपना पंजीकरण 14 मार्च की शाम 6 बजे तक करा सकते है। पंजीकरण और अन्य जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी मोबाइल नंबर 99–33–217–055 पर संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**